हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

तिमाही के आधार पर कमजोर विद्यार्थियों की होगी पहचान, लगेंगी विशेष कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की सरकारी स्कूलों में आयोजित तिमाही परीक्षा 30 सितंबर को समाप्त हो गई। परीक्षा परिणाम 3 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद 5 से 7 अक्टूबर तक स्कूलवार और विषयवार परिणामों की समीक्षा की जाएगी। कमजोर परिणाम वाले स्कूलों के साथ-साथ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाले विद्यार्थियों की सूची भी ब्लॉक स्तर पर मंगाई गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए अक्टूबर से विशेष कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए हैं। इन कक्षाओं में विद्यार्थियों की विषयवार कमजोरियों को दूर करने के साथ नियमित अभ्यास और अतिरिक्त अध्यापन पर जोर दिया जाएगा। शिक्षा विभाग का उद्देश्य तिमाही परीक्षा के परिणामों के आधार पर समय रहते कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित करना है, ताकि वार्षिक परीक्षा से पहले उनकी शैक्षणिक स्थिति में सुधार किया जा सके। स्कूलों को परिणामों की समीक्षा के बाद विद्यार्थियों की जरूरत के अनुसार विशेष शिक्षण व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

आज जारी होगा परीक्षा परिणाम, 5 से 7 अक्टूबर तक होगी परिणामों की समीक्षा

बनेगी कार्ययोजना

तिमाही परीक्षा के परिणामों की समीक्षा के दौरान कमजोर प्रदर्शन वाले विषयों और विद्यार्थियों को चिन्हित किया जाएगा। इसके आधार पर स्कूल स्तर पर विशेष कक्षाओं की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। विभाग की ओर से इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर आए इसके लिए शिक्षा विभाग ने विशेष कार्ययोजना बनाई है। उसी के आधार पर आगामी दिनों में स्कूलों में पढ़ाई होगी।



जेईई-नीट की कक्षाएं लगेंगी

जेईई और नीट की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए अक्टूबर के पहले सप्ताह से शनिवार और रविवार को विशेष कक्षाएं राजनांदगांव में शुरू की जाएगी। जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आने में असमर्थ विद्यार्थियों को भी तैयारी का अवसर मिले, इसके लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएगी। विशेष कक्षाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ विद्यार्थियों को विषयवार मार्गदर्शन दिया जाएगा।

नवंबर तक पूरा होगा सिलेबस

बताया गया कि जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं का पाठ्यक्रम नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कक्षा 9वीं और 11वीं का सिलेबस 15 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम पूरा कराने के साथ पुनरावृत्ति और परीक्षा की तैयारी पर भी जोर दिया जाएगा।

विशेष कक्षाएं अक्टूबर से

तिमाही परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की जाएगी। इसके पश्चात कमजोर बच्चों को चिन्हित कर अक्टूबर महीने से विशेष कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। - **प्रवास सिंह बघेल,** डीईओ

क्षेत्र की दर्जनभर समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

चिखली में जनआक्रोश: वार्डवासियों ने चक्काजाम कर फूंका पार्षदों का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली क्षेत्र में व्याप्त दर्जनभर से अधिक समस्याओं को लेकर वार्ड नंबर 4, 5 और 6 के लोगों ने शुक्रवार को चक्काजाम कर दिया। इस दौरान उन्होंने तीनों वार्ड के पार्षदों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पार्षदों का पुतला जलाया।

लंबे समय से चिखली क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, नाली, सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं के साथ ही इस क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा और बढ़ते आपराधिक गतिविधियों से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या स्टेशनपारा रेलवे क्रॉसिंग को बंद किए जाने के बाद उत्पन्न हुई है। ओवरब्रिज पर बढ़ते यातायात के दवाब और आए दिन ओवरब्रिज में जाम लगने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में समस्या हो रही है। वहीं एक साल के भीतर बनने वाले अंडरब्रिज का निर्माण साढ़े वर्षों में भी पूरा नहीं हुआ है। जिसको लेकर चिखली क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। आज कड़ी धूप में तीनों वार्ड के मतदाताओं ने चिखली देशमुख होटल चौक पर आक्रोश जताया और सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान आंदोलनकारी वार्डवासियों ने पार्षदों की वादा खिलाफी को लेकर जमकर नारेबाजी की। वहीं क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान में नाकामी का आरोप लगाते पार्षदों का पुतला बनाया और बीच चौक में तीनों पार्षदों का पुतला जला दिया।



जर्जर सड़क, लाईट की समस्या से परेशान

अपने प्रदर्शन के दौरान वार्ड के लोगों ने जर्जर सड़क, बंद स्ट्रीट लाईट, तीन साल से अधूरे अंडरब्रिज निर्माण कार्य, ओवरब्रिज में आए दिन जाम की समस्या, ओवरब्रिज में क्षतिग्रस्त डिवाइडर, अवैध शराब, गांजा, चखना सेंटर, सड़क-नाली सफाई व्यवस्था, नाली निर्माण, वहनों की तेज रफ्तार पर लगाम, स्मार्ट मीटर हटाने, बढ़ी हुई बिजली बिल, मारपीट, हत्या की वारदात सहित दर्जनों समस्याएं रखी।

समाधान नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन

अपने आंदोलन को लेकर वार्डवासियों द्वारा शहर में मुनादी कराकर चक्काजाम में शामिल होने लोगों से अपील भी की गई थी। आज सुबह लगभग 10.30 बजे एकत्रित हुए वार्डवासियों द्वारा चक्काजाम किया गया। जिससे खैरागढ़-राजनांदगांव मार्ग बाधित हो गया। चक्काजाम की पूर्व सूचना के चलते पुलिस द्वारा इस रूट की वाहनों को अन्य रास्तों से भेजा गया। लगभग 12 बजे तक चले चक्काजाम प्रदर्शन को पुतला दहन के बाद समाप्त किया गया। वहीं जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी वार्ड के लोगों द्वारा दी गई।

स्थानीय पार्षदों को दी चेतावनी : स्थानीय पार्षदों द्वारा वार्ड की मूलभूत समस्याओं को लेकर भी कार्य नहीं किए जाने के चलते वार्डवासियों में आक्रोश नजर आया। पार्षदों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते वार्ड के लोगों ने अपने प्रदर्शन के दौरान पार्षदों से इस्तीफा देने मांग की। वार्ड के लोगों ने कहा कि अभी यह प्रदर्शन पार्षदों को चेतावनी है, अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पार्षदों का इस्तीफा लेकर ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा।

पिस्टल दिखाकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

■ आरोपियो के कब्जे से 1 पिस्टल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पिस्टल दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में चिखली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 1 अक्टूबर की रात्रि में पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बड़ा तालाब पार रमन बाजार चिखली में गोलू नाम का लड़का पिस्टल दिखाकर ⏭ शेष पेज 11 पर

घेराबंदी कर पकड़ा

जिस पर चिखली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते घेराबंदी कर गोलू नाम के व्यक्ति को पकड़कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम धनुष साहू उर्फ गोलू 19 साल रमन बाजार चिखली वार्ड नं. 10 का रहने वाला बताया। जिसकी विधिवत तालाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक काले रंग की पिस्टल एवं मैगजीन बरामद होने पर आरोपी से जब्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

आवश्यकता है

डोंगरगढ़ आफिस कार्य हेतु पार्ट टाईम कम्प्यूटर ऑपरेटर की (प्रतिदिन 3 घंटे हेतु) जो कि Tally & Sale Purchase का जानकार हो।

वेतन 7000/- रु. प्रतिमाह

संपर्क करें 7470870092

खंडहर में मिले शराब मामले में एक और पकड़ा गया

राजनांदगांव। ग्राम मुरमुंदा के खंडहर में पूर्व में अवैध रूप से रखी बड़ी मात्रा में शराब को पुलिस ने जब्त किया था। इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रकरण का अन्य फरार आरोपी अमन यादव उर्फ आकाश यादव 26 वर्ष निवासी बुधवारीपारा द्वारा मुख्य आरोपी खेमलाल कदम उर्फ गुड्डू को शराब बिक्री करने हेतु शराब उपलब्ध कराई गई थी। आरोपी अमन यादव उर्फ आकाश यादव घटना दिनांक से फरार था। जिसकी लगातार पतासाजी पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश कर 1 अक्टूबर को उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी अमन यादव उर्फ आकाश यादव को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

नवरात्र को लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू, प्रतिमाएं बनाने में जुटे मूर्तिकार

पूजा समितियों द्वारा पंडाल का निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पितृपक्ष के समापन के साथ ही अब शहर में शारदीय नवरात्र की तैयारियों को लेकर उत्साह दिखाई देने लगा है। 11 अक्टूबर से शक्ति की आराधना का नौ दिवसीय पर्व नवरात्र शुरू होगा। इसके साथ ही शहर से लेकर गांव तक देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां शुरू हो गई है। वहीं विभिन्न पूजा समितियों ने भी नवरात्र उत्सव को लेकर प्रारंभिक तैयारियां तेज कर दी है।

अक्टूबर माह में नवरात्र के साथ ही त्यौहारों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। नवरात्र के नौ दिनों तक श्रद्धालु मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना करेंगे। मंदिरों में विशेष साज-सज्जा, अखंड ज्योति, ज्योत प्रज्जवलन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां की जा रही है। नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम भी शुरू होने लगा है।

प्रतिमाओं को दे रहे पूर्ण रूप

नवरात्र नजदीक आते ही शहर से लेकर गांव तक मूर्तिकार देवी मां की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। मिट्टी और अन्य सामग्री से प्रतिमाओं का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। अलग-अलग आकार और स्वरूप की प्रतिमाओं की मांग को देखते हुए मूर्तिकार दिन-रात काम कर रहे हैं। प्रतिमाओं की रंगाई-सजावट का काम भी जल्द शुरू होगा।



बाजारों में बढ़ेगी रौनक

नवरात्र शुरू होने के साथ ही शहर के बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ने की उम्मीद है। पूजन सामग्री, चुनरी, श्रृंगार सामग्री, फूल-माला, सजावटी सामान सहित अन्य वस्तुओं की खरीदारी बढ़ेगी। इसके साथ ही पंडालों की सजावट के लिए विद्युत झालर और अन्य सामग्री की मांग भी बढ़ने लगेगी। नवरात्र के नौ दिनों तक शहर का वातावरण धार्मिक उत्साह और भक्ति से सराबोर होगा। इधर डोंगरगढ़ में बड़ी संख्या में पहुंचने वाले पदयात्रियों व भक्तों को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

पूजा समितियों की तैयारियां : शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मोहल्लों में नवरात्र उत्सव आयोजित करने वाली समितियों ने भी तैयारियों शुरू कर दिया है। पंडाल निर्माण के लिए स्थान चयन से लेकर साज-सज्जा, विद्युत व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर समितियों के सदस्य आपस में चर्चा कर रहे हैं। इस बार भी कई स्थानों पर आकर्षक पंडाल और देवी मां की भव्य प्रतिमाएं स्थापित किए जाने की तैयारी है।







खबर संक्षेप

व्याख्याता एंथोनी शिक्षा शिल्पी अवॉर्ड से सम्मानित

जेवरतला रोड। एमडी एजुकेशन सोसायटी सरायपाली ने कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के सहयोग छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत राज्य स्तरीय संगोष्ठी सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया।



मुख्य अतिथि राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक के विशिष्ट कार्यों का चिन्हांकन कर उन्हें प्रोत्साहित करना एक प्रेरणादायी कार्य है। कलिंगा यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. संदीप गाँधी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विचार संवाद को समृद्ध किया। कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी को शिक्षा शिल्पी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर उन्हें डॉ. अनिल प्रधान, महेंद्र कुमार, मनोज प्रधान, डॉ. गोपा शर्मा, धर्मेंद्र सरवन, रीता श्रीवास्तव, राजेश सूर्यवंशी, विरेंद्र साहू, अजय पाठक ने बधाई दी है।

नवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू

खड़गांव। ग्राम में क्वांर नवरात्र पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बस स्टैंड चौक में व्यापारी संघ द्वारा दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। आयोजन स्थल पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि माता रानी का भव्य स्वागत किया जाएगा। सदस्य चंदू महाराज, मोचन देवांगन, ओमप्रकाश शर्मा और तोमन साहू ने बताया कि नवरात्रि के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन कीर्तन का आयोजन होगा। गोविंद शर्मा, भीखम रावटे, इंदल देवांगन ने बताया कि नवरात्रि पर्व को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है जिसमें सभी सदस्यों अपना सहयोग दे रहे हैं। पर्व को लेकर गत दिनों व्यापारी संघ की बैठक आयोजित कर सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एकलव्य विद्यालय में नेमसिंह का चयन



जेवरतला रोड। प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव के छात्र नेमसिंह का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर में प्रवेश के लिए हुआ है।उसके चयन से विद्यालय एवं गाँव में हर्ष का माहौल है। उसकी उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य पीआर सुधाकर, प्रकाश जोशी, कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन, चैनसिंह साहू, गोमती पटेल, रेखा धगेश, कविता ठाकुर, नामिका साहू, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, श्रवण साहू, ईश्वर आदि ने बधाई दी है।

जिला लोधी समाज का सम्मेलन 4 को

डोंगरगढ़। जिला लोधी समाज का प्रथम सम्मेलन आगामी 4 अक्टूबर को लोधी भवन में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ओमकार लिल्हारे करेंगे। सम्मेलन में सामाजिक संगठन को मजबूत करने, समाजिक एकता तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पदाधिकारियों, सर्किल पंच, प्रधान एवं अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यवाहक जिला महासचिव कलाराम वर्मा ने सामाजिकजनों से शामिल होने का आव्हान किया है।

चित्रकला और भाषण स्पर्धा आयोजित

डोंगरगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल में विकास खंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने विकसित भारत की परिकल्पना पर अपने विचार रखे। 2047 तक भारत कैसा हो को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर,



पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सौमित्र सोनी, ज्योति वडवाईक, अचलासिंग, पूजा उजवने ने चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान बीईओ श्री मिश्रा, डीएकेष राव, अनिष निर्मलकर, नितिन हिरवानी, बिरेन्द्र गरचा, संतोश पटौती, रश्मि दुबे सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

महिलाओं को दी उपयोगी जानकारी

डोंगरगढ़। नगर के वार्ड 18 के आंगनबाडी केन्द्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सौमित्र सोनी एवं पार्षद रेखा राजेष रार्घोते, ज्योति बडवाईक, अचला सिंग, पुष्पा उजवने, रश्मि दुबे, हरिश मोटघरे आदि उपस्थित थे।

पोषण प्रदर्शनी का आयोजन

डोंगरगढ़। ग्राम पंचायत कुर्रूभाठ में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण प्रदर्शनी, पोषण थाली का प्रदर्शन किया गया। हितग्राहियों को पोषण स्वास्थ्य टीकाकरण की जानकारी दी गई। महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिनों को श्री फल भेंटकर सम्मानित किया गया। बच्चों को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव, सरपंच मिलापाबाई, संतोषी राजपूत आदि शामिल हुए।

नर्मदा में शिविर आज

सड़क अतरिया। सेवा सेतु अभियान के तहत कल शनिवार को ग्राम पंचायत चकनार के नर्मदा चौक में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

निधन



पुनबाई जोशी

पटेवा। ग्राम पंचायत डोकराभाठा की पूर्व सरपंच पुनबाई जोशी का 90 वर्ष की आयु में 2 अक्टूबर को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। वह पूर्व में जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव की उपाध्यक्ष रह चुकी है। वह पूर्व जनपद सदस्य ईश्वर जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार वर्मा एवं विनय जोशी की मां थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

स्वच्छ भारत दिवस पर नहीं हुआ कोई भी आयोजन

करना था पौधरोपण, काट दिया गया पीपल का पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शासन के निर्देशों के तहत आयोजित होने वाला स्वच्छ भारत दिवस निकाय क्षेत्र में उपेक्षा की भेंट चढ़ गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत तय की गई तमाम गतिविधियां धरातल पर उतरने के बजाय महज कागजों तक सीमित रह गईं। आयोजन के दिन का सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि जहां एक ओर पौधे लगाना था वहीं करीब सवा सौ साल से ऑक्सीजन दे रहे पीपल के पेड़ को काट दिया गया।

शासन के निर्देशानुसार विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। तय रूपरेखा के अनुसार निकाय क्षेत्र में गांधी जयंती के मौके पर प्रभातफेरी निकालने के अलावा स्वच्छता की शपथ दिलाई जानी थी। फोर-वे अपशिष्ट प्रसंस्करण की तकनीक का प्रदर्शन किया जाना था और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण होना था किंतु गांधी जयंती के अवसर पर निकाय क्षेत्र में एक भी गतिविधि का आयोजन नहीं हुआ।



ऐतिहासिक पीपल को काटा

गांधी जयंती पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंना था किन्तु पंचायत से नगर पालिका बनने तक सफर को देखने वाले करीब सवा सौ साल पुराने पीपल का पेड़ काट गिरा दिया गया। यह पेड़ दशकों से क्षेत्रवासियों को भरपूर ऑक्सीजन देने के साथ-साथ नगर के इतिहास का गवाह था।

समय के चयन पर उठे सवाल

हालांकि यह पीपल का पेड़ काफी हद तक सूख चुका था इसकी डालियों के गिरने से हादसा होने का खतरा बना हुआ था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सूखे पेड़ को हटाना तर्कसंगत हो सकता है, लेकिन जिस दिन नए पौधे लगाने का अभियान चलाया जाना था, ठीक उसी दिन इस ऐतिहासिक पेड़ को काट दिया गया।

मुझे कुछ नहीं कहना

इस मामले में मुझे कुछ नहीं कहना है।
- रोहित गुप्ता, उपाध्यक्ष नपा

मुनाफे का झांसा देकर 36 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- महिलाओं से लिए 82.50 लाख, नहीं लौटाया 36.70 लाख



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर दो महिलाओं से लाखों की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी कैलाश सेठी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने प्योर ट्रेडिंग नामक कंपनी में निवेश के नाम पर दोनों महिलाओं से कुल 82.50 लाख जमा कराया था जिसमें से 45.80 लाख वापस किया। जबकि 36.70 लाख वापस नहीं किया गया। पुलिस के मुताबिक वार्ड 21 निवासी प्रतिमा पाल ने 30 मई 2023 से 4 मई 2025 के बीच आरोपी ने अच्छा मुनाफा देने का भरोसा दिलाकर 27.50 लाख लिए।

उसने करीब 19 लाख लौटा दिया किन्तु 8.50 लाख वापस नहीं किया गया। इसी तरह न्यू सब्जी मंडी निवासी नमिता चौबे ने 7 फरवरी 2023 से 7 मई 2025 के बीच 55 लाख जमा किया। आरोपी ने करीब 26.80 लाख वापस किया। शेष 28.20 लाख अब तक वापस नहीं किया है। दोनों महिलाओं की शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 318(4), 238 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू की।

पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में जांच की। विवेचना के दौरान आरोपी कैलाश सेठी पिता बिनेश्वर सेठी निवासी क्वार्टर नंबर 09, स्टेट 33, सेक्टर-10, वर्तमान पता मीनाक्षी नगर दुर्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को 30 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

गांधी-शास्त्री को किया नमन, आदर्शों को अपनाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया में शुक्रवार को गांधी जयंती उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पौधारोपण, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य आतिथ्य पूर्व विधायक कोमल जंघेल थे। अध्यक्षता विद्यालय के संचालक राजेश देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि राधेमोहन वैष्णव, पूरन वर्मा, समारू जंघेल, मुकेश चंदेल, विरेंद्र जंघेल थे। अतिथियों ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर नमन किया। अतिथियों ने इस मौके पर विद्यालय परिसर की सफाई किया। छात्रों ने आकर्षक चित्रकारी एवं निबंध में अपने विचार एवं प्रतिभा का बखान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य रवि चंदन, लेखु श्रीवास, मनोज यादव, सरगम गुप्ता, राधा जंघेल, हर्षिता नामदेव, हर्ष नामदेव, रैमून बंजारे, पायल तम्बोली, वर्षा जंघेल, आशा यादव, निशा कौर संधू अन्य शामिल हुए।

गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत गोकना में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों को गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सामाजिक सदभाव के विचारों से अवगत कराया गया। उपस्थित वृद्धजनों का सम्मान किया गया। पंचायत भवन एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। ग्रामसभा के दौरान गंडई थाना के एसआई चंद्रशेखर साहू, प्रीति साहू, चूड़ामणि पटेल, परस चन्द्रवंशी की मौजूदगी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं लिंक, ओटीपी तथा





बच्चों एवं नागरिकों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



मोहला। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा, सहभागिता और स्वच्छता के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर तनुजा सलाम, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह सहित 500 से अधिक बच्चे एवं अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत फव्वारा चौक से स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों एवं नागरिकों ने स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया। रैली का समापन समर्पण वृद्धाश्रम में हुआ। यहां स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया तथा आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। समापन अवसर पर पौधरोपण किया गया।



बैंक संबंधी धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच उमेंदी साहू, पंचायत सचिव लोकेश जंघेल, गणेश साहू, भुवन साहू, रामा साहू, मुक्तानंद श्रीवास, करुणा साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

मोहला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विधायक निवास में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक मंडावी ने गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में विधायक मंडावी ने दोनों महान विभूतियों के जीवन, विचारों और देश के प्रति उनके निस्वार्थ योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर लता साव, अब्दुल खलीक, दिलीप सिगने, देवानंद कौशिक, सुरेश कोसमा, हरीश सिन्हा, अभिषेक ठाकुर, रोमित जुरेशिया, पार्थिक टेकाम, धीरज सिगने सहित अन्य उपस्थित रहे।

बुजुर्गों का सम्मान

जेवरतला रोड। ग्राम पंचायत मुजगहन में गांधी जयंती के अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच नीरा हिरवानी, उपसरपंच लच्छूराम कोमा, भागीरथी साहू, बिहारी साहू, गजेंद्र कोमा, लीला ठाकुर, नेहा ठाकुर, गंगाराम साहू, मीना यादव, रुक्मणी सिन्हा, महेश्वरी साहू, आशा खोब्रागढे, केकती, मानबाई, लता साहू, फुलबाई उपस्थित थे।

सोमनी में चला स्वच्छता अभियान

सोमनी। गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रभारी सरपंच अनिता नोहर साहू के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिला समूहों एवं ग्रामीणों ने अभियान में भाग लेकर गांव को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। स्वच्छता अभियान में कृष्णा तिवारी, नेपाल साहू, चंदन कश्यप, सोमेश जैन, हेमलता तिवारी, हरिचन्द्र गौतम, संतोष यादव, गजेन्द्र बंजारे, प्रतापसिंह, भुवन खंडेलवाल, रोशन निषाद, जितेन्द्र बंजारे, विजय बघेल, कृष्णा सोनी, तीजन निषाद, नंदा वर्मा, नरोत्तम बंजारे, कीर्ति खांडे, आशीष बंजारे, पार्वती साहू आदि शामिल हुए।

डोंगरगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गांधी जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। अस्पताल परिसर में पूजा-अर्चना कर गांधी जी को नमन किया गया। अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए अस्पताल की सफाई की।

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आजाद चौक गोल बाजार में गांधी- शास्त्री मनाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान, संध्या देशपांडे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, विष्णु लोधी, रिमी भाटिया, किरण मेश्राम, नलिनी मेश्राम, रितु निर्मलकर, सुरेश सिन्हा, प्रमोद टैंभुर्णिकर, दशरथ ठाकुर, जितेंद्र भाटिया, संजय यादव, धन्नालाल गणवीर, दुलीचंद बडोले, रूपचंद खोब्रागढ़े, पप्पू इंदुरकर, प्रजेश सहारे, प्यारेलाल शर्मा, रामजी तराने, निजार जीवा, केशव टांडी, जगतारण यादव, एडविन हैदर, बबलू खोब्रागढ़े, मयूर हथेल, सुमित खोब्रागढे, सुरेंद्र अंबादे, प्रशांत कांडे, चंद्रशेखर बोरकर, वीरेंद्र पाल, भाऊदास मेश्राम, रितेश रामटेक, बिंदाबाई, बलिराम मेश्राम, हीरा मेश्राम सहित अन्य शामिल हुए।

डोंगरगांव। गांधी- शास्त्री जयंती पर कांग्रेस ने बैठक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर नमन किया। कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और जनसेवा के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा को याद किया। इस दौरान संगठनात्मक बैठक में आगामी आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू सहित अन्य शामिल हुए।

बैठक में स्मार्ट मीटर, बिजली बिल एवं बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर चर्चा की गई। कांग्रेस ने इन विषयों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार की।

स्कूल में मनाया गांधी- शास्त्री जयंती

छुईखदान। प्राथमिक शाला जुझारा में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया। गांधी जी की जीवनी को बताया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि ने स्वच्छता में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रामभरोसा मेरावी, संस्था प्रमुख संजीव ध्रुव, मोहित धुर्वे, मुकेश कुमार साहू, राजबाई विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।



तीन गांव में विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत बरबसपुर में 5 लाख की लागत से बने नवीन अटल डिजिटल सेवा केंद्र और नेवासपुर में 5 लाख की लागत से बने प्रार्थना शेड का विधिवत लोकार्पण किया गया। इसी प्रकार इरिमकसा में 2.5 लाख की लागत से बने नवीन महिला समूह भवन का जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने लोकार्पण किया। लोकार्पण के मौके पर श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय स्तर पर लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिलेगा। वहीं प्रार्थना शेड और महिला समूह भवन से ग्रामीणों तथा महिला समूहों को सामुदायिक गतिविधियों के लिए सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, सुखदेव पटेल, लीकेश साहू, अमित शर्मा, लीला साहू, रजेलाल पटेल, राकेश टंडन, विक्की कुर्रे, पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह की सदस्य, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

:: नाम परिवर्तन ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं ओमेंद्र साहू (OMENDRA SAHU) S/O विरेन्द्र कुमार साहू (VIRENDRA KUMAR SAHU) निवास स्थान HOUSE NO. 02, WARD NO. 8, VILLAGE-BHARRITOLA, TEHSIL-DONGARGARH. DISTRICT-RAJNANDGAON CHHATTISGARH यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम = ओमेंद्र कुमार साहू (OMENDRA KUMAR SAHU) S/O विरेन्द्र कुमार साहू (VIRENDRA KUMAR SAHU) रख लिया है।

अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम ओमेंद्र कुमार साहू (OMENDRA KUMAR SAHU) S/O विरेन्द्र कुमार साहू (VIRENDRA KUMAR SAHU) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

Omendra Kumar Sahu S/O Virendra Kumar Sahu Bharritola, Rajnandgaon, Dongargarh, Chhattisgarh, 491445.



सार समाचार

कुरूभाठ में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव। सेक्टर मेढा के ग्राम पंचायत कुरूभाठ में 30 सितंबर को सेवा संकल्प के अंतर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



केंद्र में पोषण प्रदर्शनी ,पोषण थाली, हितग्राहियों को पोषण स्वास्थ्य टीकाकरण की जानकारी, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के हितग्राहियों द्वारा उनके अनुभव साझा किए गए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मितानिनों को श्री फल एवं तिलक के माध्यम से पोषण शक्ति सम्मान दिया गया एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव, पंचायत के सरपंच मिलापा बाई, बिहान समूह की महिलाएं, गर्भवती माताएं, धात्री माताएं, पर्यवेक्षक संतोषी राजपूत, मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए रविंद्र दुबे

राजनांदगांव। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जादूटोला के प्रधान पाठक रविंद्र दुबे के 43 वर्षीय 2 माह 13 दिन की शासकीय सेवा से 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त अवसर पर एक गरिमामयी आयोजन में बीईओ, बीआरसी चौकी सहित क्षेत्र संस्थाओं के प्राचार्यों,व्याख्याता, संकुल समन्वयक, शिक्षक शिक्षिकाओं सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्री दुबे को भावभीनी विदाई देते हुए निरंतर मार्गदर्शन की कामना किए।



आयोजन को संबोधित करते हुए बीईओ एसके धीवर ने रविन्द्र दुबे के व्यक्तित्व अनुभव, कार्यकुशलता की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते उन्हें अनुभव की खान बताया। वही बीआरसी संतोष पांडे ने संकटमोचक की संज्ञा दी। प्राचार्य अब्दुल कलीम खान ने जटिल कार्य को सरलता से समाधान में दुबे को माहिर बताया। वहीं व्याख्याता रूपेश तिवारी ने श्री दुबे को शैक्षणिक गतिविधियों के हरफनमौला खिलाड़ी निरूपित किया। इसके अलावा कार्यक्रम को जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राजेश गुजराती, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, प्राचार्य एके लाल, विनोद कश्यप पूर्व प्राचार्य बीडी मानिकपुरी, सेवानिवृत्त सूबेदार अशोक ध्रुव, छग पेंशनर ऐसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री दुबे के पिता केके दुबे, अनुज, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भी संबोधित किया। आयोजन में क्षेत्रीय संस्थानों के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, प्राचार्यगण चंद्रा साहू, एनके हरदेल, रमेश शर्मा, संकुल समन्वयक सोमदत्त साहू, उदल सलामे, गुलशन साहू, राजकुमार रावटे, श्री दुबे के परिजन पत्नी प्रधान पाठिका ममता दुबे, बहू कुसुम दुबे, प्रीति दुबे, पुत्र शशांक दुबे पुत्री सृष्टि, श्रुति दुबे, सार्थक दुबे एवं सिनी पाण्डे उपस्थित थे।

मोखला में 4 को 27वां वार्षिक समारोह

राजनांदगांव। साकेत साहित्य परिषद का 27वां वार्षिक समारोह 4 अक्टूबर को मोखला में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम 3 सत्र में होगा। प्रथम सत्र परिचर्चा 10 से 12.30 बजे तक आयोजित है। जिसका विषय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की चुनौतियां और छत्तीसगढ़ी भाषा है । इसमें मुख्य अतिथि छग राजभाषा आयोग रायपुर अध्यक्ष प्रभात मिश्रा व अध्यक्षता दुर्ग के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बलदाऊ राम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद वर्मा, संजीव तिवारी, आत्माराम कोशा व स्वागत भाषण ओमप्रकाश साहू व आधार वक्तव्य कुबेर सिंह साहू का होगा। द्वितीय सत्र 12.40 से 1.40 बजे तक साकेत सम्मान समारोह के रूप में आयोजित है। इसमें साकेत साहित्य सम्मान डॉ. विनोद वर्मा, विक्रम यादव को साकेत कला साधना सम्मान, गोविंद साव को साकेत कला साधना सम्मान एवं आनंद राम सार्वा को सम्मनित किया जाएगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत राजनांदगांव करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जितेन्द्र मुदलियार, देवकुमारी साहू, अंगेश्वर देशमुख, रोहित चंद्रकार, मधु सृकृत साहू, लीलाधर साहू, चुम्मन साहू, तुकज साहू, सुग्रीव साहू, खिलेश्वर साहू, गुरूचरण सिन्हा उपस्थित रहेंगे। तृतीय सत्र 2.30 से 5 बजे तक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि पदमलोचन शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में विभिन्न साहित्य समिति के अध्यक्षगण उपस्थित रहेंगे।

अवैध अस्पताल, झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई

खैरागढ़। जिले में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल, क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब और बिना मान्यता प्राप्त डिग्री के उपचार करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती का संकेत दिया हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल शुक्ला ने नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश जारी किया हैं जिसमे विभिन्न बैठकों व समय-समय पर लिए जाने वाले फीडबैक के दौरान जिले में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल, क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब एवं झोलाछाप डॉक्टरों के संबंध में शिकायत मिलने को लेकर नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले के अंतर्गत संचालित ऐसे निजी अस्पतालों, क्लिनिकों, पैथोलॉजी लैब व झोलाछाप डॉक्टरों की जांच के लिए जांच दल गठित कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्राप्त शिकायतों की जांच कर कार्रवाई की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे। नवपदस्थ सीएमएचओ डॉ अनिल शुक्ला द्वारा पत्र जारी करने से उम्मीद है कि जिले में बिना वैध अनुमति अथवा निर्धारित योग्यता के स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने वालों में हडक्रंप मच सकता है। वहीं लोगो को उम्मीद है कि जांच के बाद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थानों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पेज 9 का शेष

पिस्टल दिखाकर लोगों...

लोगों को डरा- धमका रहा है। पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान धनुष साहू उर्फ गोलू से पूछताछ करने पर अपने साथी शेख शहबाज उर्फ शिब्बू एवं जफर मोमीन द्वारा पिस्टल खरीदकर लाना बताते जानकारी दिया कि क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने के लिए शेख शहबाज उर्फ शिब्बू, जफर मोमीन एवं ऐश्वर्य झा उर्फ राम पिस्टल को लेकर रमन बाजार तालाब क्षेत्र में लोगों में डर दिखाने एवं क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने के लिए पिस्टल दिखाकर डराते थे। पुलिस ने आरोपी धनुष साहू उर्फ गोलू 19 साल, शेख शहबाज उर्फ शिब्बू 28 साल, जफर मोमीन 20 साल व ऐश्वर्य झा उर्फ राम 19 साल चारो आरोपियों द्वारा चिखली क्षेत्र में पिस्टल दिखाकर लोगों को डराना-धमकाना पाए जाने पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक पिस्टल एवं मैगजीन बरामद किया है।

निधन



सूरजदीन प्रजापति

राजनंदगांव। मोहारा वार्ड नंबर 47 निवासी सूरजदीन प्रजापति का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। स्व. सूरजदीन प्रजापति अपने पीछे धर्मपत्नी श्रीमती गयाबाई प्रजापति, पुत्र संतोष प्रजापति, दुबेश प्रजापति, नीलम प्रजापति एवं बहन श्रीमती गोमती प्रजापति सहित भरापूरा परिवार को छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास मोहारा से निकाली गई। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद, मोहल्लेवासी, प्रजापति समाज के प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। तत्पश्चात मोहारा मुक्तिधाम में सामाजिक रीति-रिवाजों एवं पूर्ण विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

शिक्षक की लापरवाही का मामला, न्याय मांगने पहुंची छात्रा

छात्रा को बताया अनुपस्थित धोखे से दिलवाई दोबारा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उपरवाह का मामला

शिक्षकों की लापरवाही के चलते बच्चों के भविष्य को दांव पर लगाने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। कभी परीक्षा छुड़ाकर बच्चों को आयोजन में भेजा जा रहा है, तो कभी परीक्षा देने के बाद भी परीक्षार्थी को अनुपस्थित बताकर उसे अनुत्तीर्ण कर दिया जा रहा है। जिले के घुमका क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उपरवाह में कुछ इसी तरह का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां शिक्षकों की लापरवाही का खामियाजा कक्षा 10वीं की एक छात्रा को भुगतना पड़ रहा है। बोर्ड परीक्षा में कड़ी मेहनत करने के बाद भी छात्रा शिक्षक की लापरवाही से अनुत्तीर्ण हो गई और बोर्ड परीक्षा परिणाम में उसे पूरक दे दिया गया। अपने परिजनों और स्थानीय विधायक के साथ छात्रा न्याय की मांग करने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची।

कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होने के बावजूद छात्रा को अनुपस्थित दर्शाकर बोर्ड परीक्षा का अनुत्तीर्ण परिणाम जारी कर दिया गया। जिससे छात्रा मानसिक परेशानी के दौर से गुजर रही है। छात्रा को भ्रमित करते हुए दोबारा परीक्षा दिलवाया गया। जिसमें प्राप्त अंक सूची में द्वितीय अवसर परीक्षा में उत्तीर्ण होने का रिजल्ट जारी हुआ है। अब छात्रा अपने प्रथम मूल रिजल्ट को संशोधित करने के लिए न्याय की आस में भटक रही है।



निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

अपने ज्ञापन के माध्यम से छात्रा के परिजनों ने कलेक्टर से मांग की है कि उनकी पुत्री की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा की उपस्थिति एवं परीक्षा संबंधी समस्त अभिलेखों की जांच कराई जाए। अंग्रेजी विषय की परीक्षा प्रायोगिक प्रोजेक्ट में उसकी वास्तविक उपस्थिति की जांच कराई जाए, यदि विद्यालय के परीक्षा प्रभारी अथवा किसी अन्य जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा गलत जानकारी भेजना, लापरवाही करना अथवा अभिभावक एवं छात्रा को भ्रामक जानकारी देकर लंबे समय तक भ्रमित रखना पाया जाए तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

कार्रवाई के लिए दिया गया प्रतिवेदन

संबंधित व्याख्याता और परीक्षा प्रभारी पर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन में लिखा गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल को संशोधित अंकसूची मुख्य परीक्षा में अंक जोड़कर प्रदाय करने पत्र लिखा गया है। -**प्रवास सिंह बघेल,** जिला शिक्षा अधिकारी

परीक्षा प्रभारी पर गलत जानकारी भेजने का आरोप

अपनी बेटी के लिए न्याय मांगने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे घुमका तहसील क्षेत्र के ग्राम उपरवाह निवासी मिथलेश साहू ने बताया कि उनकी पुत्री भारती साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उपरवाह में गत वर्ष कक्षा 10वीं की छात्रा थी। उसने बोर्ड की सभी निर्धारित परीक्षाओं में भाग लिया। अंग्रेजी विषय की परियोजना (प्रोजेक्ट) परीक्षा में भी वह उपस्थित हुई थी। इसके बावजूद विद्यालय के परीक्षा प्रभारी वशिष्ट सिंह राजपूत द्वारा उनकी पुत्री को उक्त परीक्षा में अनुपस्थित दर्शाते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर को गलत जानकारी भेज दी गई। जिसकी वजह से परीक्षा परिणाम में उसे अनुत्तीर्ण कर दिया गया। परिणाम जारी होने के पश्चात विद्यालय से इस संबंध में संपर्क किया, तब विद्यालय के परीक्षा प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि रिजल्ट में सुधार हो जाएगा। लगभग तीन माह तक इंतजार करने के बाद में मार्कशीट सुधरवाने के लिए साइन करने जाना होगा, यह कहकर राजनांदगांव स्टेट स्कूल में दोबारा पेपर देने बैठाया गया। लगभग दो दिन पूर्व नया परिणाम जारी होने पर उनकी पुत्री को उत्तीर्ण दर्शाया गया है।

कार से 10 किलो गांजा जब्त, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बोरतलाव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10.543 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा परिवहन के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को अभिरक्षा में लिया है। कार्रवाई के दौरान गांजा, कार, मोबाइल फोन और नकदी समेत कुल 3,28,040 का सामान जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्रे रंग की मारुति ऑल्टो कार में चार लोग गांजा लेकर महाराष्ट्र की ओर जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही बोरतलाव पुलिस ने डोंगरगढ़-महाराष्ट्र मार्ग पर गोविंद लिल्हारे की किराना दुकान के पास नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी लेने पर सीट के नीचे तथा पीछे बनाए गए चेंबर से 10 पैकेट गांजा बरामद हुआ। जांच में गांजे का वजन 10.543 किलोग्राम पाया गया जिसकी अनुमानित कीमत 1.05 लाख है।पुलिस ने आरोपी रोशनलाल बर्मन निवासी एलआईसी कॉलोनी गंगासागर जबलपुर, कृष्णदास बैरागी निवासी प्रेमनगर जबलपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को भी अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

4 को निषाद समाज की बैठक

राजनांदगांव। जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि बैठक में जिला संगठन चुनाव 2026 की मतदाता सूची बनाने सहित सामाजिक गतिविधियों व अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा किया जाएगा।

आईजी ने किया पुलिस इकाइयों का निरीक्षण

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अजय कुमार यादव ने जिले का भ्रमण कर विभिन्न पुलिस इकाइयों व कार्यालयों का निरीक्षण कर पुलिस कार्यों की समीक्षा की। पुलिस महानिरीक्षक ने रक्षित आरक्षी केंद्र में ड्रिल परेड का निरीक्षण किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए उन्हें कैश रिवार्ड प्रदान किया, वहीं सुधार की आवश्यकता वाले कर्मचारियों को ड्रिल, अनुशासन सहित कार्यशैली सुधारने कहा। रक्षित आरक्षी केंद्र की विभिन्न शाखाओं, अभिलेखों, व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कार्यों को व्यवस्थित व गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया।

इसके बाद पुलिस दरबार आयोजित कर अधिकारियों कर्मचारियों की व्यक्तिगत व विभागीय समस्या सुनकर उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए पुलिसकर्मियों को टीम भावना व कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



नवीन रक्षित आरक्षी केंद्र मदराकुही का निरीक्षण

पुलिस दरबार बाद पुलिस महानिरीक्षक ने एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के साथ ब्लाक के मदराकुही में नवीन रक्षित आरक्षी केंद्र का अवलोकन कर निर्माणाधीन दो प्रशिक्षण भवनों का अनावरण किया वही निर्माण कार्यों की प्रगति सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर शेष कार्यों को गुणवत्तापूर्वक व समयबद्ध तरीके से पूरा कराने कहा। इस दौरान परिसर में पौधारोपण कर उनके संरक्षण संवर्धन सहित पूरे परिसर को हरा-भरा बनाने पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं, अभिलेखों व कार्यालयीन व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कार्यों को व्यवस्थित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने और लंबित कार्यों का प्राथमिकता से निराकरण करने आवश्यक हिदायत दिया। छुईखदान थाने के भौतिक निरीक्षण दौरान परिसर, अभिलेखों, दस्तावेजों, दर्ज प्रकरणों, मर्ग व विवेचना कार्यों की उन्होने समीक्षा करते हुए थाना पुलिस द्वारा संपादित अच्छे कार्यों की सराहना की वही लंबित अपराधों सहित अन्य प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने कहा।

प्रभावी पुलिसिंग और संवेदनशीलता पर दिया जोर

पुलिस लाइन, एसपी आफिस और छुईखदान थाने के भ्रमण दौरान आईजी अजय कुमार यादव ने विवेचना में गुणवत्ता, साक्ष्यों के वैज्ञानिक संकलन, प्रभावी वैधानिक कार्रवाई, न्यायालयीन प्रकरणों में बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया। जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, प्रभावी पुलिसिंग, सतत गश्त, आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश साथ उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा व टीम भावना के साथ काम करते हुए आम लोगो में पुलिस के प्रति विश्वास, सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

प्रत्येक हाथ को मिले काम वरना मिले बेरोजगारी भत्ता

- गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत दनिया में स्वावलंबन का संकल्प,
- ग्रामीणों ने फॉर्म-6 भरकर मांगा मनरेगा का काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के शुभ अवसर पर जनपद पंचायत छुईखदान के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दनिया में काम की मांग को लेकर एक विशेष पहल की गई। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने एकजुट होकर रोजगार का संकल्प लिया और मनरेगा योजना के तहत रोजगार की पुरजोर मांग रखी।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला संयोजक रणजीत सिंह चंदेल की प्रमुख उपस्थिति में गाँव के लगभग 40 महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हर हाथ को काम, हर हाथ को सम्मान के नारे के साथ बापू के विचारों और ग्राम स्वराज के स्वप्न को याद करते हुए गांव के समग्र विकास और हर नागरिक को आजीविका दिलाने का संकल्प लिया गया। श्रमिकों ने एक राय होकर शासन द्वारा निर्धारित फॉर्म-6 भरकर ग्राम पंचायत में रोजगार हेतु विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया।

नई पहल से ग्रामीणों में उत्साह

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को योजना के महत्वपूर्ण प्रावधानों और उनके वैधानिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इसमें 100 दिनों के रोजगार का कानूनी अधिकार शामिल है। रोजगार की मांग के लिए फॉर्म-6 भरकर पंचायत में जमा करना होता है और आवेदन जमा करने पर आवेदक को पावती मिलना अनिवार्य है। नियम के अनुसार, फॉर्म-6 में आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से 15 दिनों के भीतर यदि शासन प्रशासन द्वारा काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस पहल से पूरे क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की एक नई लहर देखी जा रही है।

अविश्वास प्रस्ताव : बागी सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष ने दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह को अपनी ही पार्टी के सदस्यों के बागी तेवर का सामना करना पड़ रहा है। श्रीमती सिंह की कार्यप्रणाली से खफा भाजपा समर्पित सदस्यों ने बगावती मुहिम में कांग्रेस सदस्यों को साथ में लेकर 10 सदस्यीय जिपं में सात लोगों का हस्ताक्षरयुक्त अविश्वास प्रस्ताव का कलेक्टर तनुजा सलाम के नाम पत्र प्रेषित कर लापता रहे भाजपा के जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह को आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव अपने निवास में तलब कर मिलजुल कर काम करने का निर्देश दिया है।

इधर इस खबर से मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले की सियासत में बीते दो दिनों से उबाल आ गया है। बताया जा रहा है कि अविश्वास प्रस्ताव लाने की प्रमुख वजह में कार्यप्रणाली में पारदर्शिता का अभाव और सदस्यों की सहमति के बिना एक पक्षीय निर्णय बताया गया है। हरिभूमि को प्राप्त अविश्वास प्रस्ताव के पत्र में भाजपा के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, लखन कलामे, नरसिंग भंडारी, सविता शोरी, रेखा कोठारी, शांति त्रिपुरे, कांग्रेस की शेषवरी धुर्वे के हस्ताक्षर हैं। बागी भाजपा के जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस के सदस्यों के साथ मिलकर अपनी ही पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह को पद से निपटाने गुरुवार को कलेक्टर तनुजा सलाम से मुलाकात करने आवेदन पत्र लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे थे। जिसमें 7 सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त अविश्वास प्रस्ताव का जिक्र है।

हालांकि कलेक्टर तनुजा सलाम से इन लोगों की मुलाकात नहीं हुई। पत्र में भाजपा के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी सहित 6 भाजपा जिला पंचायत सदस्य, 1 कांग्रेस कुल 7 सदस्यों का हस्ताक्षर होने से जिले की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। यहां यह बता दें कि हाल ही में नम्रता सिंह को अनुसूचित जनजाति के मामले में राज्य सरकार की उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने क्लीन चिट दे दी है। चर्चा है कि भाजपा के ही जिले के बड़े नेता नम्रता सिंह को उनके बढ़ते प्रभाव और लोकप्रियता के चलतें उन्हें राजनीतिक मुश्किल में डालने के उद्देश्य से एक के बाद एक लगातार विवादित स्थिति में डालने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं।



बागी सदस्यों को रायपुर तलब

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के खिलाफ चल रहे राजनीतिक उठापटक के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह सहित भाजपा के बागी 6 जिला पंचायत सदस्यों को आज दोपहर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव अपने निवास पर तलब किए और उन्हें अंतरकलह छोड़ मिलजुल कर काम करने के निर्देश दिए हैं।

मुहिम में जिपं उपाध्यक्ष का भी हस्ताक्षर

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के खिलाफ बगावती तेवर अपनाने वालों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह का भी नाम सामने आया है। अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन में भोजेश का भी कथित हस्ताक्षर है। भोजेश शाह जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हैं। वह मोहला-मानपुर विधानसभा से एक बार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव हार चुके हैं। वे दोबारा विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक भी हैं। ऐसे में भोजेश शाह के अधोहस्ताक्षरित पत्र सामने आने के बाद पार्टी में बवाल खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि संगठन की ओर से सदस्यों को समझाईश देने की बात कही जा रही है, लेकिन अंदर खाने बगावती सूर अब भी बरकरार है।

पद में कायम रहेगी नम्रता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बागी 6 जिला पंचायत सदस्यों को चंद मिनटों के मुलाकात में सीधे तौर पर निर्देश दिए हैं कि मिलजुल कर काम करें। नम्रता सिंह ही जिला पंचायत अध्यक्ष मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के रूप में कुर्सी संभालेंगी।

खत्म हुआ गतिरोध

जिला भाजपा के प्रवक्ता राजू टांडिया ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि आज प्रदेश अध्यक्ष के साथ मुलाकात के बाद जिला पंचायत सदस्यों का गतिरोध समाप्त हुआ है। सभी मिलजुल कर सामंजस्य बनाकर आगे काम करेंगे।

छह निरीक्षक, दो उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण

राजनांदगांव। जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने एक आदेश जारी कर 6 निरीक्षक एवं 2 उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थानांतरण के तहत निरीक्षक रामेश्वर देशमुख पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थाना प्रभारी डोंगरगढ़, निरीक्षक हरीनाथ रावत बोरतालब से थाना प्रभारी छुरिया, निरीक्षक अनुराग सोनवानी छुरिया से थाना प्रभारी बोरतालब, निरीक्षक सुरेश कुमार जांगडे रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी लालबाग, निरीक्षक गोपेन्द्र पटेल रखित केन्द्र से थाना प्रभारी बागनदी, निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव रक्षित केन्द्र से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उपनिरीक्षक सतऊराम नेताम प्रभारी चौकी जोब से थाना घुमका, उपनिरीक्षक रोहित खूंटे रक्षित केन्द्र से प्रभारी चौकी जोब स्थानांतरित किए गए हैं।

खुल गया... खुल गया... खुल गया...

कुबोटा

जापानी तकनीक

का शोरुम अब

खैरागढ़ में (छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा) के किसानों के लिए खुशखबरी

पता : राजनांदगांव रोड़, खैरागढ़

दम भी भरोसा भी 8 साल की सुपर वारंटी

कुबोटा मतलब
प्रीमियम प्रोडक्ट

न्यू

बुकिंग प्रारंभ

कुबोटा ट्रक बॉडी हार्वेस्टर लांच

सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स सभी सुविधाएं उपलब्ध

किसान भाईयों के लिए
आकर्षक उपहार

3 साल सुपर वारंटी
+ 1 साल स्टैंडर्ड वारंटी*
+ 2 साल एक्सटेंडेड वारंटी*

*नियम एवं शर्तें लागू

बुकिंग करने डायरेक्ट शोरूम आने पर विशेष छूट

कुबोटा चैन हार्वेस्टर

e-CDIS
ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक

4 वाल्व तकनीक
बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए

बैलेंसर शाफ्ट
कम कंपन और कम शोर

सिंक्रोमेश गियर
12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स

अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण

बघेल ट्रैक्टर्स

हेड ऑफिस
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड
बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)

ऑफर जानने के लिए कॉल करें: 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

13 अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर 15 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही

अवैध शराब बिक्री व सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया में अवैध शराब परिवहन करते 03 आरोपी पकड़े गए, आरोपी के कब्जे से कुल 45,600 रुपये का मशरूका पुलिस ने किया जप्त। जिले में आबकारी एक्ट के तहत 13 प्रकरण दर्ज, 15 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही धारा 34 (2) एवं 36(च)(1), 36(सी) के तहत की गई कार्यवाही।

कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के कारोबार, शराब की बिक्री तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 1 अक्टूबर 2026 को जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में आबकारी एक्ट के तहत कुल 13 अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर 15 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में अवैध शराब की गतिविधियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



थाना कवर्धा में 03 प्रकरण दर्ज

थाना कवर्धा पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने तथा लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामलों में तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए। सरोधा रोड स्थित दक्ष पैलेश के पास आम जगह पर शराब का सेवन करते पाए गए सुरेन्द्र पिता बुधारू साहू, आयु 23 वर्ष, निवासी खैरबना कला, थाना कवर्धा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 435/26, धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसी प्रकार लोहारा नाका नहर पार, कवर्धा में लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में चंद्रकांत पिता मनीराम पाली, आयु 33 वर्ष, निवासी महाराजपुर, थाना कवर्धा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 436/26 तथा अशोक पिता सीताराम पात्रे, आयु 38 वर्ष, निवासी हरिनछपरा, थाना कवर्धा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 437/26, धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

लोहारा एवं रणवीरपुर क्षेत्र में 03 प्रकरण दर्ज

थाना लोहारा एवं पुलिस चौकी रणवीरपुर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करते पाए गए तीन व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज किए गए। थाना लोहारा क्षेत्र में तालाब पार, लोहारा में शराब सेवन करते पाए गए उदेराम पिता दुलारी पटेल, निवासी बासिनझोरी, थाना लोहारा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 150/26 तथा ग्राम तालपुर, डामर प्लांट मैदान में शराब सेवन करते पाए गए अमीलाल पिता लखन पटेल, आयु 40 वर्ष, निवासी गांगपुर, थाना लोहारा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 151/26 दर्ज किया गया। वहीं पुलिस चौकी रणवीरपुर, थाना लोहारा क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा तिराहा के पास शराब सेवन करते पाए गए घनश्याम पिता मानिकलाल अग्रवाल, निवासी रणवीरपुर, थाना लोहारा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 152/26 दर्ज किया गया। तीनों प्रकरणों में धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही

वहीं पुलिस चौकी दामापुर, थाना कुंण्डा क्षेत्र के ग्राम पथर्रा में आरोपी की दुकान पर लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में गणेशराम पिता धनउ कोसले, उम्र 47 वर्ष, निवासी पथर्रा, पुलिस चौकी दामापुर, थाना कुंण्डा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 161/26, धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन से संबंधित गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन के लिए शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आबकारी एक्ट के उल्लंघन के मामलों में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

एनएसएस स्थापना दिवस के साथ सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में एन एस एस स्थापना दिवस के साथ सेवा संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्र में पुष्पमाला अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य जोध्याराम बंजारे ने किया अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, निस्वार्थ सेवा और सामाजिक दायित्वों के पालन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्यों, कार्य, लक्ष्य और फायदे और वर्ष भर आयोजित होने वाले समाजोपयोगी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी व्याख्याताओं में श्रीमती भारती सिंह मरकाम और श्रीमती प्रीति तिवारी ने गीत, हरीश कुर्रे ने कहानी के माध्यम से राष्ट्रीयता की भावना को प्रेरित किया।

शिवकांत तिवारी ने साधन एवं संसाधन के महत्व को रेखांकित किया, महेंद्र कुमार श्रीवास के द्वारा विद्यार्थियों के कर्तव्य और देश को विकासशील से विकसित भारत बनाने के लक्ष्य 2047 में हमारी क्या भूमिका होंगे पर अपना विचार रखे साथ में सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यालय के स्वयंसेवक, टाकेश्वरी, जैस्मीन, सीमा, रुद्रप्रताप चौहान के द्वारा विकसित भारत पर अपना प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा आमजनों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, नशा मुक्त समाज और सशक्त भारत के निर्माण में नागरिकों को कर्तव्य के प्रति जागरूक करने की भूमिका की जानकारी दिया। स्वयंसेवक राधिका, रागनी के द्वारा रंगोली, विवेक, लल्ली, हर्षित के द्वारा चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के साथ समस्त स्टाफ, विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका प्रियंका साहू कक्षा 12 वीं के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत व्याख्याता ने किया कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

खबर संक्षेप

समनापुर जंगल में मनाया अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



कवर्धा। 1अक्टूबर अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस में वनांचल ग्राम पंचायत समनापुर एवं युवा शिक्षा विकास समिति के साथियों के द्वारा वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ करते हुए सभी वरिष्ठजन के द्वारा अपने-अपने जीवन मे किये कार्य पुराने जमाने की यादें ताजा करते हुए अपने अनुभव को साझा किया गया। अपने खेल,गीत एवं अन्य सामाजिक कार्य, पढ़ाई और कठिन परिश्रम, अकाल एवं महामारी को याद करते हुए आज के समय की जो विकास और उपलब्ध सुविधा को याद किया। सड़कों, बांधो, शाला भवन, आवासीय विद्यालय, राशनकार्ड, एवं शासन की सुविधाएं का जिक्र किया गया। बुजुर्गों के लिए खेल का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वरिष्ठ जन खुशियों के साथ ऐसे आयोजन पर खुशी जाहिर कर युवाओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किये। आयोजन का समापन समारोह सम्मानित सुधीराम, छोटेलाल यादव, वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार यदु, प्रकाश तेकाम, सचिव उपदेश मेरावी के सानिध्नय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन पृथ्वी मरकाम, नरेंद्र, सुमेंद, प्रदीप, मनसुख मेरावी, जगन्नाथ, पंचायत के पंचगण किशन धुर्वे, मदन कुम्हरे ने किया। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भागवत कथा में कृष्ण जन्मोन्सव की धुम, नंद उत्सव मे झुमें श्रृद्धालु कथा स्थल में गुंजे जय कन्या लाल की



कोलेगांव। यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया कथा वाचक पं. प्रशांत महाराज ने नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंद उत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग दिया। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन स्थल गूंज उठा द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव का आनंद मानो फिर से कथा स्थल में जीवित कर दिया, भक्तों ने भजनों की दोनों पर मगन होकर थी रखते हुए श्री कृष्ण के जन्म उत्सव का आनंद लिया कथा प्रसंग में महाराज ने कहा कि भगवान युगो युगो से भक्तों के साथ अपने स्नेहा रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आए हैं, भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे हैं उनमें भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती, वह अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही हैं साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाना खुद इस धरा पर आते हैं, कथा के दौरान शिवराज ने वामन अवतार समुद्र मंथन श्री राम जन्मोत्सव और भगवान से कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया, भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खड़े रहते हैं, वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई वस्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रोपदी का पत्र और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया, भगवान ने काल रूपी मगर से भक्त गजराज की रक्षा की, तो द्रोपती के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आए ,यह सारी कथाएं यह प्रमाणित करती है वही कथा पुनउ यादव गीता यादव, रामकुमार यादव, जानकी यादव सहित समस्त श्रोतागण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

टोल से बचने बस्ती की सड़कों पर दौड़ रही यात्री बसें

- पोड़ी से सिल्हाटी-खड़ौदा सडक़ निर्माण के चलते बदला मार्ग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पोड़ी से सिल्हाटी-खड़ौदा के बीच सड़क निर्माण कार्य के चलते यात्री बसों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। निर्धारित वैकल्पिक मार्ग पर टोल शुल्क लगने के कारण कई यात्री बस संचालक पोड़ी बस्ती के अंदरूनी मार्ग से बसों का संचालन कर रहे हैं।

इससे बस्ती के संकरे मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ गया है और स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पोड़ी से सिल्हाटी-खड़ौदा मार्ग पर निर्माण कार्य जारी होने के कारण यात्री बसों को मुख्य मार्ग से हटाकर वैकल्पिक रास्ते पोड़ी से टोल प्लाजा पार कर बोड़ला से निकाला जा रहा है। फिरहाल इस मार्ग पर मोटर साइकिल सहित छोटी वाहनों का आवागमन हो रहा है, लेकिन यात्री बस सहित बड़ी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है। वैकल्पिक मार्ग पर यात्री बसों को टोल शुल्क देना पड़ रहा है।



बस संचालकों का कहना है कि सडक़ निर्माण के कारण मार्ग बदला गया है, ऐसे में नियमित यात्री बसों से टोल शुल्क लिया जाना उचित नहीं है।

इसी वजह से कुछ बसें टोल से बचने के लिए पोड़ी बस्ती के भीतर से होकर सिल्हाटी की ओर जा रही हैं। बस्ती के अंदर से बड़ी यात्री बसों के गुजरने से सड़क पर आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। खासकर बाजार और आबादी वाले हिस्सों में बसों के गुजरने से पैदल चलने वाले लोगों, दोपहिया वाहन चालकों और स्थानीय रहवासियों को परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य पूरा होने तक यात्री बसों के लिए सुरक्षित और सुगम वैकल्पिक व्यवस्था की जरूरत है।

सडक़ निर्माण में टोल शुल्क से राहत की मांग

बस संचालकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण अवधि में यात्री बसों को टोल शुल्क से राहत दी जाए। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के कारण उन्हें पहले ही अतिरिक्त दूरी और समय का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में टोल शुल्क का अतिरिक्त भार यात्रियों और संचालकों दोनों पर पड़ रहा है। संचालकों ने कहा कि यदि निर्माण अवधि तक यात्री बसों को टोल में छूट मिलती है तो बसों को बस्ती के अंदर से निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे जहां ग्रामीणों को राहत मिलेगी, वहीं यात्री बसों का संचालन भी निर्धारित वैकल्पिक मार्ग से सुरक्षित तरीके से हो सकेगा। उन्होंने सड़क निर्माण पूरा होने तक अस्थायी टोल राहत देने की मांग की है।

गांधी जयंती पर टाटीकसा में हुई विशेष सभा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के लोहारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटीकसा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।

ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रीफल अर्पित कर उनके सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया। विशेष ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, टीकाकरण तथा ग्राम के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

ग्रामीणों से गांव की आवश्यकताओं और विकास कार्यों को लेकर सुझाव भी लिए गए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच संगीता अशोक साहू ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन हमें सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सेवा और ग्राम स्वराज का संदेश देता है। गांधी का मानना था कि देश का वास्तविक विकास गांवों के विकास से जुड़ा है। इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि ग्राम पंचायत में शासन की योजनाओं का पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन हो और प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा, गांव का विकास केवल पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्रामीण की सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सभी मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित और सुविधायुक्त टाटीकसा बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

गांधी के स्वच्छता और सेवा के विचारों को अपने गांव के विकास कार्यों में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वही कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी ग्राम के विकास, स्वच्छता और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहभागिता का संकल्प लिया। ग्राम सभा में श्रीमती नीरा साहू, मोहित रजक, पंचायत सचिव मेघराज श्रीवास, ग्राम कोटवार दशरथ गंधर्व, मोहनपुर ग्राम पटेल लग्नू पटेल, अंकलहा साहू, पंचू रजक, अवध धुर्वे, श्रीमती अंकलहीन साहू, बाला रजक, सुशील धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कोलेगांव स्कूल में छात्र छात्राएं दो शिक्षक के भरोसे



- शिक्षकों की कमी से जूझ रहे छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के प्राथमिक शाला कोलेगांव में इस समय छात्र-छात्राओं को पर्याप्त शिक्षक नहीं मिलने से जूझ रहे हैं।

जिसमें दिनेश पांडे के द्वारा जानकारी दिया गया कि प्राथमिक शाला कोलेगांव में 80 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं केवल दो शिक्षक के भरोसे जिसमें एक शिक्षक पूरे कार्यालय के काम में लगे रहते हैं।

प्रधान पाठक आना-जाना मीटिंग मान के चलो एक ही शिक्षक के भरोसे है ऐसे में जहां पढ़ाई की शुरुआत पहली से प्रारंभ होता है उसी कड़ी से बच्चे होनहार होशियार होकर निकलते हैं लेकिन ऐसे में आवाज उठता है कि शिक्षकों की कमी से जूझ रहे जहां पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं है वहां की पढ़ाई का क्या असर पड़ेगा छात्र-छात्राओं पर चुनाव के समय शासन-प्रशासन राजनीतिक से जुड़े हुए नेताओं के द्वारा बड़ी-बड़ी भाषण किया जाता है शिक्षक भर्ती को लेकर लेकिन ग्राम पंचायत कोलेगांव के प्राथमिक शाला में दो-तीन सालों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं केवल दो शिक्षक के भरोसे 80 छात्र-छात्राएं लगातार प्रेस के माध्यम से आवाज उठाते आ रहे हैं छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए ग्राम कोलेगांव के प्राथमिक शाला में शिक्षक आ सके लेकिन ऐसा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है एक बार फिर से शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए शिक्षक दिया जाए ताकि बच्चों का पढ़ाई पूरी तरह से हो सके और भविष्य में बच्चे को शिक्षक की कमी ना रहे और पढ़ाई का कोर्स पूरा हो सके।

पंडरिया में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती



पण्डरिया। 02 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम साहू के तत्वाधान में स्थानीय गांधी उद्यान, पंडरिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। व कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं उनके सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन जायसवाल, काशीनाथ ठाकुर, गुरुदत्त शर्मा, गौतम शर्मा, रवि चंद्रवंशी, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, खोवाराम भास्कर, रवि गुप्ता, राजकुमार अनंत, लक्ष्मीनारायण साहू, शैलेन्द्र गुप्ता, हकीम कुरैशी, सुनील ठाकुर, राजकिरण सिंह, चंद्रभान टंडन, वीरेंद्र चंद्राकर सहित ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी सख्या में उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

लायंस क्लब में मरीजों को फल बिस्किट बांटे

कवर्धा। लायंस क्लब ने आज शुक्रवार को सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला अस्पताल में 110 मरीजों को सेब केला बिस्किट पैकेट का वितरण किया। ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल के निर्देश पर हर साल 2 से 8 अक्टूबर तक लायंस सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है तथा सप्ताह भर विभिन्न सेवाकार्य किए जाते हैं। आज के सेवाकार्य के बाद अगले दिनों में लायंस पार्क में वृक्षारोपण, वृद्धाश्रम में फल बिस्किट वितरण, मधुमेह परीक्षण व रोड सेफ्टी जागरूकता शिविर, आत्मानन्द स्कूल में नशामुक्ति रैली व संगोष्ठी, नवीन बाजार में फूड पैकेट वितरण व जेल परिसर के प्रतीक्षालय पर पानी टँकी लगाने के सेवाकार्य किए जाएंगे।

राजेश उपाध्याय की मौत को लेकर परिजनों की गुहार, निष्पक्ष जांच की मांग

- एसपी से मिले परिजन, बोले- सिर में चोट के बावजूद अब तक एफआईआर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा के बर्खास्त आरक्षक चालक राजेश उपाध्याय की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर उनके परिजनों ने पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष एवं सूक्ष्म जांच की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि राजेश के सिर में चोट के निशान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आने के बावजूद अब तक हत्या का अपराध दर्ज नहीं किया गया है। वहीं घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच नहीं किए जाने की बात भी कही गई है। इस संबंध में परिजनों ने पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। परिजनों की ओर से दिए गए ज्ञापन में श्रीमती सुषमा सोनू उपाध्याय ने बताया कि राजेश उपाध्याय की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है।

उनका कहना है कि 5 अगस्त की रात करीब 11 बजे राजेश घर पहुंचा था और रोते हुए उसने अपनी मां से कथित तौर पर कहा था कि उज्ज्वल और राहुल नाम के युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। परिजनों के अनुसार अगले दिन उज्ज्वल द्वारा राजेश को फोन भी किया गया था। परिजनों ने दावा किया कि 6 अगस्त को दोपहर करीब 2 बजे तथा 7 अगस्त को सुबह भी उज्ज्वल को उनके घर के सामने देखा गया था।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ लोगों ने राजेश के साथ मारपीट किए जाने की जानकारी परिजनों को दी थी।

परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना से पहले और बाद की परिस्थितियों की भी जांच आवश्यक है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

एम्बुलेंस पहुंचने में देरी का भी लगाया आरोप

परिजनों का कहना है कि राजेश को गंभीर हालत में घटनास्थल पर पाया गया था। उनके अनुसार एम्बुलेंस पहुंचने में करीब एक घंटे का समय लगा और उससे पहले ही राजेश की मौत हो गई। परिजनों ने यह भी सवाल उठाया है कि एम्बुलेंस को किस व्यक्ति ने सूचना दी थी और कॉल किस मोबाइल नंबर से किया गया था, इसकी जानकारी जांच में शामिल की जाए। उन्होंने शव को घटनास्थल से उठाए जाने की प्रक्रिया और पंचनामा कार्रवाई की भी जानकारी मांगी है।

पुराने विवाद व नशामुक्ति केंद्र का भी जिक्र



ज्ञापन में राजेश के पूर्व विवादों और नशामुक्ति केन्द्र भेजे जाने से जुड़े घटनाक्रम का भी उल्लेख किया गया है। परिजनों के अनुसार राजेश ने कथित रूप से कुछ लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट किए जाने की बात परिवार को बताई थी। इसके अलावा नशामुक्ति केन्द्र में रहने के दौरान उसके स्वास्थ्य एवं वहां हुई कथित घटनाओं की जांच कराने की मांग भी की गई है। परिजनों ने एक व्यक्ति द्वारा फोन पर राजेश को कथित रूप से नुकसान पहुंचाए जाने की आशंका जताने का भी उल्लेख किया है।

परिजनो ने इन बिन्दुओं में की जांच की मांग

परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में 5 और 6 अगस्त के सीसीटीवी कैमरा फुटेज की जांच, फोरेंसिक जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने, घटनास्थल के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लेने, 4, 5 और 6 अगस्त की राजेश के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगालने तथा घटना के संदिग्ध बताए जा रहे व्यक्तियों के मोबाइल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही मृतक की मां, बड़े भाई एवं अन्य परिजनों के बयान दर्ज करने की मांग भी की गई है। परिजनों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर घटनाक्रम से जुड़े सभी साक्ष्यों को सामने लाया जाए। उनका आग्रह है कि जांच में यदि हत्या के साक्ष्य सामने आते हैं तो संबंधित आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। फिलहाल परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों पर पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।

खुलासा: शादीशुदा था युवक, दो बच्चों का पिता; युवती थी अविवाहित

सनसनी: खेत में बबूल के पेड़ पर एक ही फंदे से लटके मिले प्रेमी जोड़े के शव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/कुण्डा

जिले में एक प्रेमी जोड़े की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। कुंडा थाना क्षेत्र के हथमुड़ी गांव में खेत के पास बबूल के पेड़ पर युवक और युवती के शव एक ही फंदे से लटके मिले।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप फैल गई। बाद में इसका सूचना कुण्डा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतकों की पहचान छोटू चंद्रवंशी और ज्योति चंद्रवंशी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, छोटू पहले से शादीशुदा था और उसके दो बच्चे भी हैं, जबकि ज्योति अविवाहित थी।

बताया जा रहा है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था और वे शादी करना चाहते थे। हालांकि, दोनों की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है।



खेत में पेड़ पर लटके मिले दोनों के शव

बताया जा रहा है कि हथमुड़ी गांव के खेत में स्थित बबूल के पेड़ पर दोनों के शव एक ही फंदे से लटके हुए मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कुंडा पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शवों को नीचे उतरवाया। इसके बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

परिजनों में पसरा मातम, जांच शुरू

घटना की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति साफ हो सकेगी।

मजगांव रोड पर विराजेंगी सिंदूर से बनी माता रानी मांगल्य गौरिका

- पहली बार कवर्धा में सिंदूरी प्रतिमा होगी विराजित, 10 वर्षों से कर रहा अनूठे विधान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा परिवार, मजगांव रोड की ओर से शारदीय नवरात्र के अवसर पर भव्य दुर्गापूजा एवं भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



समिति के मुख्य पुजारी स्वप्निल उपाध्याय ने बताया कि परिवार द्वारा वर्ष 2017 से लगातार दुर्गापूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा के अनूठे विधान के कारण यह आयोजन अपनी अलग पहचान बना चुका है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में मां दुर्गा, 2018 में माता पार्वती, 2019 में मां त्रिपुरसुंदरी, 2020 में मां महागौरी, 2021 में श्री अर्धनारीश्वर, 2022 में माता शर्वाणी, 2023 में माता रुद्राणी और 2024 में मां कामाक्षी की प्रतिमाएं विराजित की गई थीं। वर्ष 2025 में उज्जैन शक्तिपीठ की माता हरसिद्धि एवं ज्योतिर्लिंग श्री महाकाल की अद्भुत प्रतिमा स्थापित की गई थी। इस वर्ष पहली बार कवर्धा में लाल सिंदूर एवं मिट्टी से निर्मित मां मांगल्य गौरिका की भव्य सिंदूरी प्रतिमा विराजित

विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे

शारदीय नवरात्र के दौरान भगवती का आगमन, महानिशा पूजा, पुष्पार्चन, भव्य सिंदूर महाआरती, हवन तथा विदाई बेला सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा मंडपम में आयोजित होंगे। आयोजन को भव्य स्वरूप देने समिति अध्यक्ष अभिनव तिवारी, संरक्षक डेविड खत्री व प्रकाश देवांगन, आचार्य सुमित भारद्वाज, उपाध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी व देवा चंद्रवंशी, सचिव संतोष झारिया, बृजमोहन कुंभकार, सहसचिव हेमंत साहू सहित महिला समिति एवं मोहल्लेवासी तैयारियों में जुटे हैं।

सेवा संकल्प और स्वच्छता अभियान के तहत, गौरकापा धाम में सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

सेवा संकल्प सह स्वच्छता अभियान के तहत पंडरिया जनपद पंचायत अंतर्गत दुल्लापुर बाजार के आश्रित ग्राम गौरकापा धाम स्थित मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।



सुबह 8 बजे से शुरू हुए श्रमदान में मंदिर प्रांगण के अंदर स्थित शिव मंदिर, शनि मंदिर एवं दुर्गा माता मंदिर के चारों ओर झाड़ू लगाकर कचरा, फूल-मालाओं और सूखे पत्तों की सफाई की गई। मंदिर के महंत विवेकगिरी महाराज ने स्वयं झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत की और लोगों से अपील की कि मंदिर ही नहीं, अपने घर और गांव को भी स्वच्छ बनाए रखें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के खंड समन्वयक पंचू टंडन व समन्वयक पवन तिवारी ने ग्रामीणों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने और कचरा इधर-उधर न फेंकने की सलाह दी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच गोविंद यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष परमेश यादव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि रमेश साहू, किसान मोर्चा महामंत्री रूपेश तिवारी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विकास तिवारी, संदीप गुप्ता, उत्तर वैष्णव, कवल भारती, चैतराम पटेल सहित महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। अभियान के अंत में सभी ने गांव में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली।

कैट एवं वित्त मंत्री की बैठक, यूपीआई भुगतान पर चार्ज न लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश आहूजा, जिला अध्यक्ष दीप शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष वनीत सलूजा एवं उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि 2,000 से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित 0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट को लेकर देशभर के व्यापारिक संगठनों द्वारा उठाई गई चिंताओं के बीच कल नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के साथ व्यापारिक नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल के नेतृत्व में देश के विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री से मुलाकात कर प्रस्तावित एमडीआर के संभावित प्रभावों से अवगत कराया। बैठक में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष धैर्यशील पाटिल, ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन कैलाश लाखयानी तथा ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा सहित विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले अनेक प्रमुख व्यापारिक नेता शामिल थे। बैठक के बाद ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स फेडरेशन और ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन ने 2 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित नो यूपीआई डे के आह्वान को वापस लेने का निर्णय किया है। कैट ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार और व्यापारिक संगठनों के बीच संवाद के माध्यम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ना सकारात्मक संकेत है।

कैट के जिला अध्यक्ष दीप शर्मा ने कहा कि व्यापार जगत डिजिटल भुगतान और यूपीआई की सफलता का पूर्ण समर्थन करता है। यूपीआई ने देश में डिजिटल भुगतान को नई गति दी है और व्यापारियों तथा ग्राहकों दोनों के लिए भुगतान को सरल एवं सुविधाजनक बनाया है। ऐसे में व्यापारियों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार न पड़े, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। दीप शर्मा ने कहा कि छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के लिए भुगतान की लागत सीधे उनके व्यवसाय की लाभप्रदता से जुड़ी होती है। इसलिए किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले व्यापारिक संगठनों के साथ व्यापक विचार-विमर्श और उसके व्यावहारिक प्रभावों का आकलन आवश्यक है।

कैट वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष आकाश आहूजा और जिला कार्यकारी अध्यक्ष वनीत सलूजा ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं वित्त मंत्रालय द्वारा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनने तथा सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखने के आश्वासन का स्वागत किया है। जिला उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी ने कहा कि कैट कवर्धा इकाई का मानना है कि डिजिटल इंडिया की सफलता व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी से ही और मजबूत होगी। सरकार एवं व्यापारिक संगठनों के बीच निरंतर संवाद से ऐसा संतुलित एवं व्यावहारिक समाधान निकलेगा, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

चिमरा स्कूल में रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम चिमरा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यालय में रंगोली, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती ज्योति खरे के मार्गदर्शन में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में रागिनी पटेल, वीर पटेल, रानी साहू, तमन्ना और सुशीला ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर आकर्षक रंगोली बनाई। वहीं चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में रितेश साहू, गिरवर पटेल, भूपेंद्र पटेल और युवराज ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, एसएमसी अध्यक्ष और विद्यालय परिवार ने जनसेवा, स्वच्छ ग्राम और स्वच्छ देश का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी 185 विद्यार्थियों को नेवता भोज कराया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक पन्नालाल लोधी, शिक्षिका ज्योति खरे, उषा मिश्रा, सुनीता ठाकुर, विष्णु दत्त कौशिक, दिलीप नागवंशी, और मालती सहित विद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भोरमदेव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान

गांधी जयंती पर वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल भोरमदेव मंदिर परिसर में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, वनमंडलाधिकारी कवर्धा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए भोरमदेव मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। इस अवसर पर स्वच्छता को नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाने, सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया गया। महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों का स्मरण करते हुए उपस्थितजनों से अपने घर, गांव, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनने की अपील की गई। ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर वन्यजीव सप्ताह का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। अधिकारियों ने वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा, मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व तथा जैव विविधता के महत्व के संबंध में जानकारी दी।

विभिन्न कार्यक्रम किए गए आयोजित

कार्यक्रम के अंतर्गत भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र का भ्रमण कर वहां की प्राकृतिक संपदा, जैव विविधता एवं वन्यजीव संरक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया गया। साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से चर्चा कर उनकी आजीविका गतिविधियों, वन संरक्षण में सहभागिता तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वन संसाधनों पर आधारित रोजगार की संभावनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।



कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का समन्वित संदेश दिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने भोरमदेव मंदिर परिसर तथा अभयारण्य क्षेत्र की स्वच्छता एवं प्राकृतिक सुंदरता बनाए रखने में निरंतर सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

सिल्हाटी स्कूल में सामूहिक रीडिंग सर्किल एवं पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिल्हाटी

सेवा मेरा योगदान उत्सव के तहत 2 अक्टूबर को हायर सेकेंडरी स्कूल सिल्हाटी में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों ने सामूहिक रीडिंग सर्किल एवं पुस्तक वाचन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई।



शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विजय शंकर गुप्ता ने गीत के माध्यम से पठन-पाठन के महत्व पर प्रकाश डाला। जनपद सदस्य डॉ. योगेश साहू ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं अध्यापन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। सरपंच अर्जुन साहू एवं संकुल प्राचार्य अनिल मोहबे ने भी संबोधित किया। जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पुस्तक वाचन किया। कार्यक्रम में विनोद गुप्ता, नेपाल सिंह धुर्वे, सुनीता ठाकुर सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता अब्दुल अजमेर खान ने किया।